भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. 59

बुधवार, दिनांक 22 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

छत पर सौर ऊर्जा उपकरण लगाए जाने से संबंधित लक्ष्य

***59. श्री जी. सेल्वम:**

श्री सी. एन. अन्नादुरई:

क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने दिसम्बर, 2026 तक देश भर में 75 लाख घरों में छत पर सौर ऊर्जा उपकरण लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) तमिलनाडु में इस योजना के अंतर्गत अब तक जिला-वार कितने परिवारों को शामिल किया गया है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु में प्रदत्त केन्द्रीय वित्तीय सहायता, और राजसहायता तथा सृजित की गई रूफटॉप सौर क्षमता का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या तमिलनाडु के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों, विशेषकर ऐसे क्षेत्रों जहां बिजली की अधिक मांग है, को छत पर सौर ऊर्जा उपकरणों को लगाए जाने की सुविधा के विस्तार के लिए प्राथमिकता दी जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ.) सरकार द्वारा तमिलनाडु में समय पर संस्थापन, ग्रिड कनेक्टिविटी, उपभोक्ता जागरूकता और विक्रेताओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं ताकि दिसम्बर, 2026 तक राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्य अपना प्रभावी योगदान दे सके?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) से (ङ.): एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

<u>विवरण</u>

'छत पर सौर ऊर्जा उपकरण लगाए जाने से संबंधित लक्ष्य' के संबंध में पूछे गए दिनांक 22.07.2026 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 59 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ड.): नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, फरवरी 2024 से प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना (PMSG: MBY) का कार्यान्वयन कर रहा है, जिसका लक्ष्य 75021 करोड़ रु. के कुल वित्तीय परिव्यय से वित्त वर्ष 2026-27 तक देश भर में एक करोड़ आवासीय घरों में रूफटॉप सौर प्रणालियों की स्थापना करना है।

पीएमएसजी: एमबीवाई एक मांग संचालित योजना है जिसमें तमिलनाडु राज्य के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों सहित देश के सभी आवासीय उपभोक्ता, जिनके पास स्थानीय डिस्कॉम का ग्रिड-कनेक्टेड बिजली कनेक्शन है, योजना के राष्ट्रीय पोर्टल (www.pmsuryaghar.gov.in) पर आवेदन करके आरटीएस प्रणालियों की स्थापना के लिए योजना का लाभ उठा सकते हैं।

इस योजना के तहत, फरवरी 2024 में इसकी शुरुआत से, दिनांक 20.07.2026 की स्थिति के अनुसार तमिलनाडु राज्य में कुल 83,906 आरटीएस प्रणालियां स्थापित की गई हैं, जिससे 99,321 घर लाभान्वित हुए हैं। जिला-वार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान, फरवरी 2024 में PMSG: MBY की शुरुआत से लेकर दिनांक 20.07.2026 तक, तमिलनाडु राज्य में योजना के अंतर्गत कुल 576.66 करोड़ रु. की कुल राशी जारी की गई है तथा 303.63 मेगावाट सौर क्षमता स्थापित की गई है।

तमिलनाडु राज्य सहित देश भर में समग्र आरटीएस स्थापना लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समय पर स्थापना, ग्रिड कनेक्टिविटी, उपभोक्ता जागरूकता और वेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, मंत्रालय ने निम्नलिखित उपाय किए हैं:

- राष्ट्रीय पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण से लेकर आवासीय उपभोक्ता के बैंक खाते में सब्सिडी के सीधे वितरण तक की ऑनलाइन प्रक्रिया।
- राष्ट्रीयकृत बैंकों से रेपो रेट प्लस 50 बीपीएस अर्थात् वर्तमान के लिए 5.75 प्रतिशत प्रति वर्ष की रियायती ब्याज दर पर 10 वर्ष की अवधि के लिए संपार्श्विक मुक्त (कोलेट्रल-फ्री) ऋण की उपलब्धता।

- तकनीकी व्यवहार्यता आवश्यकता को माफ करके और 10 किलोवाट तक ऑटो लोड वृद्धि की शुरुआत करके, विनियामक अनुमोदन प्रक्रिया को सरल बनाया गया।
- राष्ट्रीय पोर्टल में नेट मीटरिंग करार को आवेदन का एक हिस्सा बनाया गया।
- वेंडरों के पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है ताकि पर्याप्त और योग्य वेंडर उपलब्ध हो सकें।
- कुशल मैनपावर तैयार करने के लिए क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।
- प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञापन के प्रकाशन, टी.वी. विज्ञापन अभियानों, एफएम स्टेशनों सहित क्षेत्रीय चैनलों पर रेडियो अभियानों आदि के माध्यम से देश में जागरुकता और आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से योजना के बारे में जागरुकता पैदा करना।
- राज्यों/डिस्कॉमों सहित विभिन्न स्तरों पर योजना की नियमित मॉनीटरिंग की जा रही है।
- समय-समय पर क्षेत्रीय समीक्षा बैठकें आयोजित करना।
- शिकायतों के समयबद्ध तरीके से समाधान के लिए शिकायत समाधान तंत्र स्थापित किया गया है। टेलीफोन नंबर 15555 वाला कॉल सेंटर 12 भाषाओं में कार्यरत है।

इसके अतिरिक्त, MNRE और REC लिमिटेड, PMSG: MBY के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी (NPIA) के रूप में, योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सभी डिस्कॉम के साथ निकट समन्वय में कार्य करते हैं।

अनुलग्नक

'छत पर सौर ऊर्जा उपकरण लगाए जाने से संबंधित लक्ष्य' के संबंध में पूछे गए दिनांक 22.07.2026 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 59 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

तमिलनाडु राज्य में PMSG: MBY के अंतर्गत की गई जिला-वार प्रगति का विवरण (दिनांक 20.07.2026 की स्थिति के अनुसार)

क्र. सं.	जिला	स्थापनाएं (सं.)	घर (सं.)
1	अरियालुर	206	223
2	चेंगलपट्टू	6428	10698
3	चेन्नई	9410	12788
4	कोयंबटूर	10725	15889
5	कुड्डालोर	1875	1875
6	धर्मपुरी	659	663
7	डिंडीगुल	1222	1222
8	इरोड	4014	4349
9	कल्लाकुरिची	610	610
10	कांचीपुरम	2936	3083
11	कन्याकुमारी	1862	1862
12	करूर	2214	2315
13	कृष्णगिरि	911	1210
14	मदुरै	3358	3483
15	मयिलादुथुरै	476	476
16	नागपट्टिनम	344	344
17	नमक्कल	3826	3952
18	पेरम्बलूर	283	285
19	पुदुक्कोट्टै	600	652
20	रामनाथपुरम	547	547
21	रानीपेट	726	726
22	सेलम	3957	4139
23	शिवगंगा	781	781

24	तेनकासी	720	815
25	तंजावुर	2628	2768
26	थेनी	607	624
27	नीलगिरि	122	122
28	तिरुवल्लूर	3560	3966
29	तिरुवारुर	945	945
30	यूतुकुड़ी	1838	1838
31	तिरुचिरापल्ली	3899	4280
32	तिरुनेलवेली	1858	1900
33	तिरुपत्तूर	442	442
34	तिरुप्पुर	3790	3909
35	तिरुवन्नामलाई	1036	1043
36	वेल्लूर	1417	1423
37	विल्लुपुरम	945	945
38	विरुदुनगर	2129	2129
	कुल	**83,906**	**99,321**

****